>

Title: Need to broadcast Doordarshan Jharkhand on all DTH service.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय अध्यक्ष जी के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं । मैं आपका ध्यान सूचना प्रसारण मंत्रालय की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं । झारखंड राज्य से संबंधित संस्कृति, पर्यटन तथा झारखंड राज्य के कृषि आदि की जानकारी देश के लोगों तक पहुंचे । इसके लिए झारखंड दूरदर्शन द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम बनाए जाते हैं तथा समय-समय पर प्रसारण भी किया जाता है लेकिन डीटीएच तथा क्षेत्रीय केबल ओपरेटरों द्वारा स्थानीय स्तर पर भी प्रसारण नहीं किया जाता है, जिससे झारखंड सहित देश के आम लोगों को दूरदर्शन झारखंड पर होने वाले प्रसारण का लाभ नहीं मिल पाता है और झारखंड प्रदेश में दूरदर्शन के दर्शक सांस्कृतिक पर्यटन, लोकगीत तथा कृषि आधारित कार्यक्रमों को देखने से वंचित रह जाते हैं तथा जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सदन के माध्यम से केंद्र सरकार के सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय से मांग करती हूं कि झारखंड दूरदर्शन का प्रसारण सभी डीटीएच एवं केबल ओपरेटर्स द्वारा सुनिश्चित करने हेतु विशेष दिशा निर्देश जारी किए जाएं ।